डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश

**जानकीपुरम विस्तार सेक्टर–11, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031**

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / यूपीटीएसी–2026 / 2676 दिनांक 20 जुलाई, 2026

## सार्वजनिक सूचना (Public Notice)

उत्तर प्रदेश तकनीकी प्रवेश काउंसलिंग (UPTAC) 2026 के माध्यम से बी0टेक0 / बी0फार्म0 लेटरल एंट्री (Lateral Entry) कार्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक ऐसे समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिनके डिप्लोमा अन्तिम वर्ष (Final Year) का परिणाम अभी तक घोषित नहीं हुआ है, उन्हें निम्न शर्तो के अधीन मुख्य चरण काउंसलिंग (Round 1,2,3 एवं 4) में प्रतिभाग करने की अनुमति प्रदान की जाती हैः–

1. CUET UG अंकों की स्वीकार्यताः ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने CUET UG परीक्षा दी है, वे अपने CUET UG अंकों / रैंकों के आधार पर काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकतें हैं।
2. शैक्षणिक पात्रता (5वें सेमेस्टर तक उत्तीर्ण): काउंसलिंग में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थी का डिप्लोमा के पंचम सेमेस्टर (5th Semester) तक पूर्ण रूप से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
3. बैकलॉक(Backlog) सम्बन्धी नियमः अभ्यर्थी के डिप्लोमा के प्रथम से लेकर पंचम सेमेस्टर तक किसी भी विषय में कोई बैक (Back) नहीं होनी चाहिए।

सम्बन्धित अभ्यर्थियों को पंजीकरण के समय अथवा संस्थान में रिपोर्टिंग के दौरान अपने पूर्व के सभी सेमेस्टर (1st से 5th सेमेस्टर) की उत्तीर्ण अंक तालिकाएं (Marksheets) प्रस्तुत करनी होंगी। यदि अभ्यर्थी संस्थान में फिजिकल रिपोर्टिंग के समय पात्रता मानदंडों को पूरा नही करता है, तो उसका प्रवेश स्वतः निरस्त माना जायेगा तथा काउंसलिंग के दौरान जमा की गयी गई सीट कन्फर्मेशन शुल्क रू0 20,000 / 12,000 वापस देय नहीं होगा।

नवीनतम अपडेट और विस्तृत समय सारणी के लिए अभ्यर्थी नियमित रूप से अधिकारिक वेबसाइटः https://uptac.samarth.edu.in का अवलोकन करते रहें।

समन्वयक, यूपीटीएसी–2026